वर्षः 01 अंकः 12

आयोग की मासिक पत्रिका

एक कदम पारदर्शिता की ओर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूजलेटर - मई - 2022



## National Commission For Scheduled Castes

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi-110 003

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
## न्यूजलेटर

वर्ष: 01 अंक: 12 मई 2022

**संपादक**
राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com
@srajeshranjan

*हमें यह बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा मासिक पत्रिका का प्रकाशन करते हुए एक साल का समय बीत गया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित की जा रही मासिक पत्रिका का यह बारहवां अंक है। बीते एक साल के दौरान आयोग ने लगातार अपनी इस मासिक पत्रिका के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराने का भरसक प्रयास किया है और आगे भी लगातार करता रहेगा, ताकि अनुसूचित जाति वर्ग के वे लोग भी आयोग तक अपनी शिकायतों को पहुंचा सकें, जो जानकारी के अभाव में आयोग तक पहुंच ही नहीं पाते। बीते एक साल की तरह ही आयोग की मासिक पत्रिका को सफल बनाने के लिए हम पूर्ववत ही आपसे सहयोग की आशा करते हैं।*

*धन्यवाद*

*(संपादक)*

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**

**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:
**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes



SHRI VIJAY SAMPLA
CHAIRMAN



SHRI ARUN HALDER
VICE-CHAIRMAN



DR. ANJU BALA
MEMBER



SHRI SUBHASH RAMNATH PARDHI, MEMBER




@NCSC_GoI @NCSC.GoI @ncsc_goi

# माननीय अध्यक्ष का संदेश



SHRI VIJAY SAMPLA
CHAIRMAN

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका के बारहवें अंक के विमोचन के लिए यह संदेश लिखते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। गत वर्ष ही आयोग ने अपनी पहली मासिक पत्रिका प्रकाशित की थी। यह जानकर संतोष होता है कि कोविड-19 महामारी संक्रमण के कारण कई बार कार्य प्रभावित होने के बावजूद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता व वचनबद्धता को निभाने का भरसक प्रयास किया है।

बीते एक साल के दौरान आयोग ने कई बाधाओं के बावजूद अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए समय-समय पर देश के कई राज्यों में स्थलीय निरीक्षण से लेकर आयोग मुख्यालय में सुनवाई तक की। आयोग ने इस दौरान कई ऐसे मामलों को निपटाया जो सालों से लंबित पड़े थे। आयोग आगे भी अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए दृढ़ निश्चयी है। आयोग ने ई-पोर्टल लॉन्च किया ताकि लोगों को देश के दूरस्थ क्षेत्रों से भी अपनी शिकायत शीघ्रातिशीघ्र आयोग तक पहुंचा सकें।

आयोग ने स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर अपनी इस मासिक पत्रिका की शुरूआत की थी। आयोग पत्रिका के माध्यम से यह संदेश देता रहता है कि बाबा साहेब के दिखाये सामाजिक समरसता और सद्भाव के मार्ग पर चलते हुए समाज के हाशिये पर खड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आयोग का प्रयास रहेगा कि दूरस्थ गांव से लेकर शहर तक के प्रत्येक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव या अन्याय न होने पाए।

इस कार्य में मासिक पत्रिका ने प्रभावी भूमिका निर्वहन की है और भविष्य में भी यह पूर्ववत अपनी भूमिका निभाता रहे, ऐसी हमारी मंगल कामना है। आपका सहयोग वांछनीय है।

**विजय सांपला**

अध्यक्ष,

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

भारत सरकार

जय हिंद !

सादर धन्यवाद

# स्थलीय निरीक्षण




## हत्या करने वालों पर होगी कार्रवाई

नागराजू और सैयद अशरीन सुल्ताना ने 2 महीने पहले परिवार की इच्छा के खिलाफ अंतर-धार्मिक शादी की थी. नागराजू की 4 मई की रात करीब 9 बजे सरूरनगर तहसीलदार कार्यालय में चाकू मारकर हत्या कर दी गई. कई राहगीरों ने इस घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया और कुछ ने नागराजू के शव की तस्वीरें भी क्लिक कीं. हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. नागराजू की हत्या का आरोप उसकी पत्नी अशरीन के भाई और परिवार वालों पर लगाया. इस घटना पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया एवं कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया. माननीय अध्यक्ष विजय सांपला जी ने तेलांगना राज्य के उच्च पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नागराजू हत्याकांड पर बैठक करते हुए न्यायपूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.

## ये था मामला

हैदराबाद निवासी 25 साल के नागराजू की 4 मई को चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नागराज ने 23 साल की सैयद सुल्ताना से दो महीने पहले ही शादी की थी। खबरों के मुताबिक आरोप है कि लड़की के घर वालों ने युवक की हत्या करवाई है। घटना के कई पोस्ट वायरल हुए थे। इस घटना पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने तेलंगाना पुलिस को अनुसूचित जाति के व्यक्ति नागराजू की हत्या के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था।



## स्थलीय निरीक्षण के लिए चेन्नई पहुंचे उपाध्यक्ष

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के एक दल ने तमिलनाडु राज्य का दौरा किया। इस दौरे की अध्यक्षता आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार जी ने की। माननीय उपाध्यक्ष ने चेन्नई पुलिस हिरासत में हुई एक मौत और आईआईटी चेन्नई में पीएचडी छात्रा के साथ हुए बलात्कार के मामले में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इन मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश भी जारी किए।

## मुजफ्फरनगर जनपद का स्थलीय निरीक्षण

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के एक दल ने एक गंभीर मामले में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दल की अगुवाई आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला जी ने की। इस दौरान आयोग के अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। माननीय सदस्या ने यहां पर आये हुए व्यक्तियों की शिकायतें सुनी। माननीय सदस्या ने शिकायतों को सुनने के बाद संज्ञान लेते हुए शिकायतों के त्वरित एवं न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किया।






## शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी जी ने नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में विभिन्न जनपदों से आए हुए लोगों की शिकायतें सुनीं। साथ ही उनके शिकायती पत्रों पर सुनवाई करते हुए इनके त्वरित एवं न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किया।



## प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी ने आयोग के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आयोग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरुण हालदार जी भी उपस्थित रहे।

## आयोग से संबंधित विषयों पर चर्चा

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अगुवाई माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला ने की। इस दौरान आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार, माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला व माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी भी मौजूद रहे। इस बैठक में आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।




## निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित माननीय संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति द्वारा आयोग के राजभाषायी निरीक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने दायित्व का निर्वहन किया। इस कार्यक्रम में आयोग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी को पंजाब दौरे के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



पंजाब प्रांत के हॉकी खिलाड़ियों के एक दल ने आयोग की माननीया सदस्या डॉ. अंजू बाला और माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आयोग के संयुक्त सचिव श्री ज्ञानेश्वर कुमार सिंह भी मौजूद रहे।


**National Commission For Scheduled Castes**

**5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,**
**New Delhi-110 003**